# सीसीई मॉडल टैस्ट पेपर-2
# हिंदी : पाठ्यक्रम 'ब'
## प्रथम सत्र ( संकलित परीक्षा-I )
*(अभ्यास के लिए)*
## कक्षा : दसवीं

*समय : 3 घंटे* *पूर्णांक : 90*

**सामान्य निर्देश :** *(i) इस प्रश्नपत्र के चार खंड हैं-'क', 'ख', 'ग' और 'घ'।*
*(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।*
*(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।*

## खंड 'क'
## अपठित गद्यांश

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गए प्रश्नों के उचित उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** **(1 × 5 = 5)**

प्राचीन काल में शनि को अमंगलकारी ग्रह समझ लिया गया था। सुनी-सुनाई बातों के आधार पर लोगों में इस ग्रह के बारे में भ्रांतियाँ फैलती चली गईं। यह ग्रह अत्यंत मंद गति से सूर्य के चारों ओर करीब तीस वर्ष में एक चक्कर पूरा करता है। शनि का दिन हमारे दिन से छोटा होता है। शनि अत्यंत ठंडा ग्रह है। शनि के वायुमंडल का तापमान शून्य से 150° सेंटीग्रेड नीचे रहता है। अत: यहाँ जीवन संभव नहीं है। वैज्ञानिक खोजों के आधार पर शनि के उपग्रहों की संख्या सत्रह हो गई है। शनि का सबसे बड़ा चंद्र टाइटन है। यह उपग्रह हमारे उपग्रह चंद्रमा से काफी बड़ा है। टाइटन की अद्‌भुत चीज़ इसका वायुमंडल है। इसके वायुमंडल में मीथेन गैस पर्याप्त मात्रा में है। इस पर मीथेन, पानी की तरह मानी जा सकती है। शनि को दूरबीन से देखा जाए तो इसके चारों ओर वलय या घेरे दिखाई देते हैं। इन वलयों या कंकणों से इसकी सुंदरता काफी बढ़ जाती है। इन वलयों की खोज गैलिलियो ने की थी। नई खोजों के आधार पर सौरमंडल के कई ग्रहों के वलयों की खोज हो चुकी है। शनि जितने सुंदर और स्पष्ट वलय किसी ग्रह के नहीं हैं।

**1. शनि ग्रह की सुंदरता का कारण है ______________।**

(क) सबसे अलग होना (ख) चारों ओर वलय होना
(ग) तापमान बहुत कम होना (घ) सूर्य के समीप होना

**2. शनि पर जीवन सम्भव नहीं है क्योंकि ______________।**

(क) बहुत गर्म ग्रह है (ख) बहुत ठंडा ग्रह है
(ग) बहुत अँधेरा है (घ) बहुत गैसें हैं

**3. शनि का सबसे बड़ा चंद्र टाइटन है, यहाँ चंद्र का अर्थ है ______________।**

(क) ग्रह (ख) वलय
(ग) उपग्रह (घ) चन्द्रमा

**4. मीथेन गैस को किसके समान माना जा सकता है ?**

(क) पानी (ख) अग्नि
(ग) रोशनी (घ) मिट्टी

5. शनि ग्रह के वलय की खोज की थी ______।

(क) न्यूटन ने (ख) सी.वी. रमन ने

(ग) गैलीलियो ने (घ) आइंस्टाइन ने

**प्रश्न 2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उचित उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** (1 × 5 = 5)

शिक्षित व्यक्ति ही अपने साथ-साथ दूसरों को भी प्रगति के अवसर प्रदान करता है। शिक्षा की उपयोगिता को समझते हुए भारत सरकार ने स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद इस ओर काफी ध्यान दिया। गाँव-गाँव में विद्यालय खोलने का लक्ष्य रखा गया। फिर भी वांछित प्रगति नहीं हो सकी क्योंकि बहुत से लोग उस उम्र के दौर से निकल चुके थे जो पढ़ने की उम्र होती है। इसलिए प्रौढ़-शिक्षा, सह-शिक्षा एवं अनौपचारिक शिक्षा केंद्र भी खोले गए। लेकिन अभी भी स्थिति उतनी अच्छी नहीं है जितनी होनी चाहिए। देश साक्षर होकर ही प्रगति कर सकता है। इस सत्य को समझने में देरी करना उचित नहीं। युवा देश के कर्णधार हैं। अतः उनका कर्तव्य बनता है कि वे ही साक्षरता के इस पुनीत अभियान को आगे बढ़ाएँ। वे निश्चय कर लें कि वे सभी लोग जो अभी निरक्षर हैं, उन सबको अक्षर-ज्ञान करवाना है, जिससे वह आत्मनिर्भर बन सकें और यह भी जान सकें कि देश द्वारा बनाई गई नीतियाँ उनके अपने व देश से किस प्रकार संबंधित हैं। वे अपने अधिकार जानें व अपने कर्तव्य के विषय में भी जागरूक हों। इसलिए युवकों को याद रखना होगा–"साक्षरता का है जो प्रयासी, वही है सच्चा भारतवासी।" अतः समय रहते ही पढ़ने-लिखने में तत्परता दिखानी चाहिए, तभी सही अर्थों में हम भारतवासी कहलाएँगे तथा जो साक्षर हैं उन्हें सभी को साक्षर बनाने का प्रण लेना होगा।

**1. सब को प्रगति के समान अवसर प्रदान करता है ______।**

(क) निरक्षर व्यक्ति (ख) साक्षर व्यक्ति

(ग) बुद्धिमान व्यक्ति (घ) शिक्षित व्यक्ति

**2. 'साक्षर' का विलोम शब्द गद्यांश में आया है ______।**

(क) जागरूक (ख) शिक्षित

(ग) निरक्षर (घ) साक्षरता

**3. इस दिशा में बहुत प्रगति नहीं हो पाई क्योंकि ______।**

(क) पढ़ने की उम्र बीत चुकी थी (ख) पढ़न में रुचि नहीं थी

(ग) लोग अन्य काम करते थे (घ) पढ़ने के लिए समय नहीं था

**4. गद्यांश का शीर्षक हो सकता है ______।**

(क) सब पढ़ें (ख) सब पढ़ें

(ग) आओ बैठो (घ) चलो स्कूल

**5. साक्षर लोगों को प्रण लेना चाहिए कि ______।**

(क) बच्चों को पढ़ाएँगे (ख) केवल महिलाओं को पढ़ाएँगे

(ग) सभी को शिक्षित बनाएँगे (घ) सभी को साक्षर बनाएँगे

## अपठित काव्यांश

**प्रश्न 3. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उचित उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** (1 × 5 = 5)

ओ नए साल, कर कुछ कमाल, जाने वाले को जाने दे,
दिल से अभिनंदन करते हैं, कुछ नई उमंगें आने दे।
आने-जाने से क्या डरना, ये मौसम आते-जाते हैं,
तन झुलसे शिखर दुपहरी में, कभी बादल भी छा जाते हैं।
इक वह मौसम भी आता है, जब पत्ते भी गिर जाते हैं,
हर मौसम को मनमीत बना, नवगीत खुशी के गाने दे।
जो भूल हुई जा भूल उसे, अब आगे भूल सुधार तो कर,

बदले में प्यार मिलेगा भी, पहले औरों से प्यार तो कर,
फूटेंगे प्यार के अंकुर भी, वह जमीं ज़रा तैयार तो कर,
भले जीत का जश्न मना, पर हार को भी स्वीकार तो कर,
मत नफरत के शोले भड़का, बस गीत प्यार के गाने दे।
इस दुनिया में लाखों आए और आकर वे सब चले गए,
कुछ मालिक बनकर बैठ गए, कुछ माल पचाकर चले गए,
कुछ किलों के अंदर बंद रहे, कुछ किले बनाकर चले गए,
लेकिन कुछ ऐसे भी आए, जो शीश चढ़ाकर चले गए,
उन वीरों के पद-चिह्नों पर, अब 'साथी' सुमन चढ़ाने दे।

**1. कवि नए साल से क्या कामना कर रहा है ?**

(क) स्वस्थ रहने की (ख) सुख-समृद्धि की

(ग) नई उमंगों की (घ) लंबी आयु की

**2. मौसम के आने-जाने से अभिप्राय है ____________।**

(क) सुख-दुख का आगमन (ख) ऋतुओं का आगमन

(ग) पशु-पक्षियों का आगमन (घ) अतिथियों का आगमन

**3. 'भले जीत का जश्न मना..........', पंक्ति में कवि प्रेरणा दे रहा है ____________।**

(क) लगातार आगे बढ़ते जाने की

(ख) सफलता-असफलता को समान भाव से स्वीकारने की

(ग) असफलता से कभी न घबराने की

(घ) परिस्थितियों के अनुसार कर्म करने की

**4. प्यार पाने के लिए जरूरी है ____________।**

(क) धन-संपत्ति होना (ख) औरों को रिझाना

(ग) औरों को प्यार देना (घ) किसी की चिंता न करना

**5. 'जो शीश चढ़ाकर चले गए'–पंक्ति संकेत कर रही है ____________।**

(क) ईश्वर की ओर (ख) देशवासियों की ओर

(ग) आतंकवादियों की ओर (घ) शहीदों की ओर

**प्रश्न 4. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उचित उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** (1 × 5 = 5)

अब भी कुछ लोगों के दिल में, नफरत अधिक, प्यार है कम
जब हम होंगे बड़े घृणा का, नाम मिटाकर लेंगे दम।
हिंसा के विषमय प्रवाह में, कब तक और बहेगा देश!
जब हम होंगे बड़े देखना, नहीं रहेगा यह परिवेश!
भ्रष्टाचार जमाखोरी की आदत बहुत पुरानी है,
ये कुरीतियाँ मिटा हमें तो नई चेतना लानी है।
एक घरौंदे जैसा आखिर कितना और ढहेगा देश,
जब हम होंगे बड़े देखना, ऐसा नहीं रहेगा देश!
इसकी बागडोर हाथों में, ज़रा हमारे आने दो,
थोड़ा-सा बस पाँव हमारा, जीवन में टिक जाने दो!
हम खाते हैं शपथ, दुर्दशा कोई नहीं सहेगा देश,
घोर अभावों की ज्वाला में, कल से नहीं दहेगा देश।

1. इस कविता का 'हम' कौन हो सकता है ?

(क) कवि (ख) बच्चे

(ग) नेता (घ) भारतीय

2. कैसा परिवेश बदलना है ?

(क) प्यार का (ख) घृणा का

(ग) हिंसा, भ्रष्टाचार का (घ) शांति का

3. 'दहेगा' का आशय है ______________।

(क) ढहेगा (ख) रुकेगा

(ग) जलेगा (घ) बिकेगा

4. घरौंदे जैसा ढहने से तात्पर्य है ______________।

(क) प्रांतों का टूटना (ख) घरों का टूटना

(ग) देश में अलगाववाद बढ़ना (घ) देश में बिखराव होना

5. इस कविता का मूल स्वर है ______________।

(क) चुनौती का (ख) प्रश्न का

(ग) चिंता का (घ) संकल्प का

## खंड 'ख'

## व्यावहारिक व्याकरण

प्रश्न 5. (क) 'धरती' शब्द को पद रूप में प्रयोग कीजिए। (1 × 4 = 4)

(ख) भारत की हरी-भरी धरती कितनी सुंदर है ? विशेषण छाँटकर लिखिए।

(ग) संज्ञा पदबंध को स्पष्ट करने वाला एक उदाहरण लिखिए।

(घ) सभी प्रश्नों का उत्तर देने वाले बच्चों को पुरस्कार मिलेगा। रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

प्रश्न 6. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों का परिचय दीजिए– (1 × 4 = 4)

(क) एवरेस्ट संसार का सबसे ऊँचा शिखर है।

(ख) वीर पुरुष कभी निराश नहीं होते।

(ग) बहुत से लोग वहाँ जमा हो गए थे।

(घ) मैंने बच्चे को रोते हुए देखा और रोने का कारण पूछा। रचना के आधार पर वाक्य का भेद बताइए।

प्रश्न 7. (क) दूसरों की सहायता करने वालों की आज भी कमी नहीं है। वाक्य को मिश्र वाक्य में बदलकर लिखिए। (1)

(ख) वहाँ जाकर जल्दी आ जाना। वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलकर लिखिए। (1)

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं दो की संधि कीजिए– (2)

प्रति + एक, विद्या + आनंद, नर + ईश

प्रश्न 8. (क) निम्नलिखित में संधि-विच्छेद कीजिए–

चिकित्सालय (1)

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं दो विग्रहों के समस्त पद बनाइए तथा समास का नाम भी लिखिए– (2)

गुण से युक्त, नीला है जो अंबर, अमृत की धारा

(ग) रेखांकित पद का समास विग्रह कीजिए– (1)

उसका नाम चन्द्रमुखी है।

प्रश्न 9. (क) रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त मुहावरे द्वारा कीजिए– (1 + 1 = 2)

(i) युद्ध में भारतीय सेना को हराना पाकिस्तानी सेना के लिए______________जैसा है।

(ii) साहिल की कथनी और करनी में फर्क नहीं है। उसकी बात को______________समझो।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति उपयुक्त मुहावरे एवं लोकोक्तियों से कीजिए– (1 + 1 = 2)

(*i*) बहुत नाम सुना था आज देखा तो भ्रम टूट गया। ठीक ही कहा है ________ पकवान।

(*ii*) ________ किया तब सफलता मिली।

## खंड 'ग'

## पाठ्यपुस्तकें

**प्रश्न 10. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गए प्रश्नों के उचित उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** (1 × 5 = 5)

पावस ऋतु थी, पर्वत प्रदेश,
पल-पल परिवर्तित प्रकृति वेश।
मेखलाकार पर्वत अपार
अपने सहस्र दृग-सुमन फाड़,
अवलोक रहा है बार-बार
नीचे जल में निज महाकार,
–जिसके चरणों में पला ताल
दर्पण-सा फैला है विशाल!

**1. प्रकृति का वेश पल-पल बदलने का कारण है ________।**

(क) पर्वत (ख) बादल
(ग) वर्षा (घ) हरियाली

**2. पर्वत अपना प्रतिबिम्ब देख रहा है ________।**

(क) झरने में (ख) दर्पण में
(ग) फूलों में (घ) तालाब में

**3. पल-पल परिवर्तित हो रहा है ________।**

(क) आकाश का दृश्य (ख) पर्वतों का दृश्य
(ग) बादलों का दृश्य (घ) नदियों का दृश्य

**4. पर्वत तालाब में बार-बार क्या देख रहा है ?**

(क) बादलों की परछाई (ख) झरने का गिरना
(ग) इंद्र का इंद्रजाल (घ) अपनी विशालता

**5. पर्वत के चरणों में तालाब फैला हुआ है ________।**

(क) हरियाली के समान (ख) काँच के समान
(ग) दर्पण के समान (घ) मोतियों के समान

*अथवा*

जब मैं था तब हरि नहीं, अब हरि हैं मैं नाँहि।
सब अँधियारा मिटि गया, जब दीपक देख्या माँहि।।
सुखिया सब संसार है, खायै अरू सोवै।
दुखिया दास कबीर है, जागै अरू रोवै।।

**1. 'कबीर के दोहे' में 'मैं' शब्द का आशय है ________।**

(क) कबीर (ख) अहंकार
(ग) मोह-माया (घ) ज्ञान

2. 'सब अँधियारा मिटि गया' कथन में अँधियारा का भाव है ______________।

(क) घना अँधेरा (ख) अज्ञान

(ग) मोह-माया (घ) विषय वासनाएँ

3. इस दोहे में संसार की किस विशेषता का उल्लेख किया गया है ?

(क) लोग साधु-सन्तों के उपदेश नहीं मानते। (ख) लोग ईश्वर को पाने का प्रयास नहीं करते।

(ग) लोग किसी की परवाह नहीं करते। (घ) लोग भौतिक सुखों को ही सुख मानते हैं।

4. कबीर के अनुसार 'जागा हुआ' व्यक्ति है ______________।

(क) जो ईश्वर का नाम ले (ख) जो ईश्वर का वियोग करे

(ग) जो सांसारिक सुख पाए (घ) जो ईश्वर की मूर्ति लाए

5. सारा संसार कबीर की दृष्टि में सुखी है क्योंकि ______________।

(क) वे सब ज्ञानी हैं (ख) वे सब चिन्ता रहित हैं

(ग) वे सब अंधेरे में डूबे हैं (घ) वे सब अज्ञानवश भोग-विलास में डूबे हैं

**प्रश्न 11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर संक्षेप में दीजिए–** (3 + 2 = 6)

(क) बड़े भाई साहब छोटे भाई को क्या सलाह देते थे और क्यों ?

(ख) तताँरा खूब परिश्रम करने के बाद कहाँ गया ? वहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन तीन-चार वाक्यों में कीजिए।

(ग) शैलेंद्र के अनुसार कलाकार का कर्तव्य क्या है ? 'तीसरी कसम' पाठ के आधार पर लिखिए।

**प्रश्न 12.** 'डायरी का एक पन्ना' पाठ में क्या संदेश दिया गया है ? अपने शब्दों में लिखिए। (5)

*अथवा*

'बड़े भाई साहब' पाठ में लेखक ने समूची शिक्षा के किन तौर-तरीकों पर व्यंग्य किया है ? क्या आप उनके विचार से सहमत हैं ? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

**प्रश्न 13. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

वामीरो घर पहुँचकर भीतर ही भीतर कुछ बेचैनी महसूस करने लगी। उसके भीतर तताँरा से मुक्त होने की एक झूठी छटपटाहट थी। एक झल्लाहट में उसने दरवाजा बंद किया और मन को किसी और दिशा में ले जाने का प्रयास किया। बार-बार तताँरा का याचना भरा चेहरा उसकी आँखों में तैर जाता। उसने तताँरा के बारे में कई कहानियाँ सुन रखी थीं। उसकी कल्पना में वह एक अद्भुत साहसी युवक था। किंतु वही तताँरा उसके सम्मुख एक अलग रूप में आया। सुंदर, बलिष्ठ किंतु बेहद शांत, सभ्य और भोला। उसका व्यक्तित्व कदाचित वैसा ही था जैसा वह अपने जीवन-साथी के बारे में सोचती रही थी। किंतु एक दूसरे गाँव के युवक के साथ यह संबंध परम्परा के विरुद्ध था। अतएव उसने उसे भूल जाना ही श्रेयस्कर समझा। किंतु यह असंभव जान पड़ा।

(क) घर पहुँचकर वामीरो को बेचैनी क्यों हुई ? (1)

(ख) वामीरो तताँरा को क्यों भूल जाना चाहती थी ? (2)

(ग) वामीरो ने तताँरा के बारे में क्या सुन रखा था ? परन्तु वह उसे भिन्न क्यों लगा ? (2)

*अथवा*

अभिनय के दृष्टिकोण से 'तीसरी कसम' राजकपूर की जिंदगी की सबसे हसीन फिल्म है। राजकपूर जिन्हें समीक्षक और कला-मर्मज्ञ आँखों से बात करने वाला कलाकार मानते हैं, 'तीसरी कसम' में मासूमियत के चर्मोत्कर्ष को छूते हैं। अभिनेता राजकपूर जितनी ताकत के साथ 'तीसरी कसम' में मौजूद हैं, उतना 'जागते रहो' में भी नहीं। 'जागते रहो' में राजकपूर के अभिनय को बहुत सराहा गया था, लेकिन 'तीसरी कसम' वह फिल्म है जिसमें राजकपूर अभिनय नहीं करता। वह हीरामन के साथ एकाकार हो गया है। खालिस देहाती भुच्च गाड़ीवान जो सिर्फ दिल की जुबान समझता है, दिमाग की नहीं। जिसके लिए मोहब्बत के सिवा किसी दूसरी चीज का कोई अर्थ नहीं। बहुत बड़ी बात यह है कि 'तीसरी कसम' राजकपूर के अभिनय-जीवन का वह मुकाम है, जब वह एशिया के सबसे बड़े शोमैन के रूप में स्थापित हो चुके थे। उनका अपना व्यक्तित्व एक किंवदंती बन चुका था। लेकिन 'तीसरी कसम' में वह महिमामय व्यक्तित्व पूरी तरह हीरामन की आत्मा में उतर गया है। वह कहीं हीरामन का अभिनय

नहीं करता, अपितु खुद हीरामन में ढल गया है। हीराबाई की फेनू-गिलासी बोली पर रीझता हुआ, उसकी 'मनुआ-नटुआ' जैसी भोली सूरत पर न्योछावर होता हुआ और हीराबाई की तनिक-सी उपेक्षा पर अपने अस्तित्व से जूझता हुआ सच्चा हीरामन बन गया है।

(क) 'तीसरी कसम' में हीरामन का अभिनय किसने किया ? (1)

(ख) हीरामन व राजकपूर के एकाकार होने से क्या आशय है ? (2)

(ग) हीरामन और हीराबाई में किस प्रकार का संबंध दिखाया गया है ? (2)

**प्रश्न 14. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** (3 × 3 = 9)

(क) कबीर के अनुसार निंदक कौन है और उसे अपने निकट क्यों स्थान देना चाहिए।

(ख) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में तालाब की समानता किसके साथ दिखाई है और क्यों ? पाठ के आधार पर लिखिए।

(ग) 'तोप' कविता हमें क्या संदेश देती है ? अपने शब्दों में लिखिए।

(घ) अपने आराध्य श्रीकृष्ण के दर्शन पाने के लिए मीरा क्या-क्या उपाय करती है ? लिखिए।

**प्रश्न 15. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** (3 + 3 = 6)

(क) हरिहर काका को जबरन उठा ले जाने वाले कौन थे ? उन्होंने उनके साथ कैसा व्यवहार किया ?

(ख) भाइयों के परिवार के प्रति हरिहर काका के मोह-भंग की शुरूआत कब हुई ? पाठ के आधार पर लिखिए।

(ग) यदि आपके आसपास हरिहर काका जैसी हालत में कोई हो तो आप उसकी किस प्रकार मदद करेंगे ? अपने शब्दों में लिखिए।

## मूल्य आधारित प्रश्न

**प्रश्न 16.** 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर समाज में रिश्तों की क्या अहमियत है ? इस विषय पर अपने विचार प्रकट कीजिए। (4)

*अथवा*

हरिहर काका के साथ भाइयों की पत्नियों ने क्या दुर्व्यवहार किया ? आप उसे किस रूप में लेते हैं ?

## खंड 'घ'

## लेखन

**प्रश्न 17. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए–** (5)

**(क) मेट्रो रेल से यात्रा**

- कब, कहाँ
- यात्रा के अनुभव
- सुझाव-परामर्श

**(ख) लड़का-लड़की एक समान**

- जन्म से सभी बराबर
- लड़की को बोझ मानना पाप
- सभी जगह लड़कियाँ आगे

**(ग) जब मैं अतिथि बन गया**

- तन, मन, धन से स्वागत
- अपनेपन का व्यवहार
- लौटने के बाद

**प्रश्न 18.** अपने क्षेत्र के पास नया बस-स्टॉप बनवाने का अनुरोध करते हुए परिवहन निगम के प्रबंधक को पत्र लिखिए। (5)

*अथवा*

आपके गाँव के युवक-दल ने एक रक्तदान शिविर आयोजित किया है। उसके उद्घाटन के लिए जिलाधीश को पत्र लिखिए।